भारत के AI नवोन्मेषकों को सशक्त बनाने हेतु iMPEL-AI कार्यक्रम

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में **माइक्रोसॉफ्ट** और आईक्रिएट (iCreate) ने भारत में **AI स्टार्टअप** को आगे बढ़ाने के लिये इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा समर्थित **एक समझौता ज्ञापन** (MoU) पर हस्ताक्षर किये हैं।

- इसके एक भाग के रूप में, **iMPEL-AI (आर्टफिशियिल इंटेलजिंस में उभरते अग्रणियों के लिये आईक्रिएट -माइक्रोसॉफ्ट प्रोग्राम)** कार्यक्रम लॉन्च किया गया था।
    - यह कार्यक्रम **AI के सबसे मूल्यवान अभकिर्त्ता (MVP)** बनने के लिये पूरे भारत में 1100 **AI नवप्रवर्तकों** (इनोवेटर्स) की पहचान (स्क्रीनिंग) करेगा और स्वास्थ्य देखरेख (हेल्थकेयर), वित्तीय समावेशन, स्थिरिता, शिक्षा, कृषि तथा स्मार्ट सिटीज़ के प्राथमिकता वाले विषयों पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- माइक्रोसॉफ्ट और आईक्रिएट माइक्रोसॉफ्ट के लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टिम के माध्यम से देश भर के **11,000 नवप्रवर्तकों**, स्टार्टअप तथा युवा भारतीयों को एआई कौशल के अवसर भी प्रदान करेंगे।
    - प्रतिस्पर्द्धा के पूरा होने पर, प्रतिभागियों को माइक्रोसॉफ्ट से **विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र** प्राप्त होंगे, जिससे उनकी रोज़गार क्षमता और कॅरियर की प्रगति में महत्त्वपूर्ण वृद्धि होगी।
    - इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम Azure OpenAI के साथ निर्माण के लिये 100 स्टार्टअप का चयन और अंशांकन (स्केल) करेगा, जिसमें शीर्ष 25 को **माइक्रोसॉफ्ट के ग्लोबल नेटवर्क से बाज़ार** में समर्थन प्राप्त होगा।

और पढ़ें: कृत्रिम बुद्धिमत्ता मशिन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/impel-ai-program-to-empower-india-s-ai-innovators